कार्यालय पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा (म0प्र0)

क्र./पुअ./पु.प्र.शा./रीवा/पी.ए./का.ब.नो./ 28 /26 दिनांक 25.02.2026

//कारण बताओ नोटिस//

प्रति,

1. नव आरक्षक 1108 (चेस्ट नंबर 301) अनिल कड़ोदिया पदस्थापना जिला देवास
2. नव आरक्षक 4943 (चेस्ट नंबर 313) आनंद कुलवरे पदस्थापना जिला इंदौर
3. नव आरक्षक 1706 (चेस्ट नंबर 316) प्रदीप यादव पदस्थापना जिला उज्जैन
4. नव आरक्षक 788 (चेस्ट नंबर 317) राज कुमार सैन्धव पदस्थापना जिला उज्जैन
5. नव आरक्षक 677 (चेस्ट नंबर 318) गोनू सतबाढ़िया पदस्थापना जिला उज्जैन
6. नव आरक्षक 692 (चेस्ट नंबर 320) सुरजीत गर्ग पदस्थापना जिला विदिशा

समस्त हाल प्रशिक्षणरत् पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा।

विषय :– कारण बताओ नोटिस का उत्तर प्रस्तुत करने बावत्।

––00––

विषयांतर्गत लेख है कि समय–समय पर पुलिस मुख्यालय भोपाल से सोशल मीडिया में शासकीय कार्य के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के वीडियो वर्दी में वायरल नहीं करने के निर्देश प्रसारित किये गये हैं। इस संबंध में प्रशिक्षण के दौरान आंतरिक एवं बाह्य प्रशिक्षकों द्वारा भी समय–समय पर आप सबको अवगत कराया गया है तथा वर्दी में रील्स न बनाये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है।

इसके बाद भी दिनांक 25 फरवरी 2026 को समय 03:04 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (ट्विटर) पर बने "मटियामेट ग्रुप" में आपके द्वारा उक्त निर्देशों का उल्लंघन करते हुये विभाग की छवि धूमिल करने वाली रील प्रदर्शित की गई है। रील में ग्रुप के सदस्यों द्वारा वर्दी में अभिनय करते हुये कहा जा रहा है कि ***"शकल अच्छी नहीं है तो क्या हुआ, सरकारी नौकरी तो है...... हमारे पास पैसा नहीं है तो क्या हुआ, मंथली तो आता है ना...... हमारे पास कपड़ा नहीं है तो क्या हुआ, वर्दी तो है ना।"*** रील को आज दिनांक 25/02/2026 के समय रात्रि 08:04 बजे तक 5,010 लोगों द्वारा देखा जा चुका है तथा उनके द्वारा पुलिस विभाग के प्रति नकारात्मक कमेंट भी लेख किया जा रहा है।

प्रथमदृष्ट्या रील में बोले गये शब्द तथा समस्त सदस्यों का अभिनय पुलिस विभाग जैसे अनुशासित विभाग के प्रतिकूल है तथा विभाग की छवि धूमिल कर रहे हैं।

अतः आज ही कारण स्पष्ट करें कि क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये।

(सुरेन्द्र कुमार जैन)
(भा.पु.से.)
पुलिस अधीक्षक
पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा

प्रतिलिपि :–

1. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. पुलिस अधीक्षक देवास, उज्जैन, विदिशा एवं पुलिस उपायुक्त मुख्यालय इंदौर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. उप पुलिस अधीक्षक (बाह्य प्रशिक्षण) पीटीएस रीवा की ओर भविष्य में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा इस संबंध में दिये गये निर्देशों को प्रसारित करने बावत्।
4. सीएलआई. पीटीएस रीवा की ओर भविष्य में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा इस संबंध में दिये गये निर्देशों को प्रसारित करने बावत्।
5. सी0डी0आई0 पीटीएस रीवा की ओर तत्काल उक्त संबंधितों को तामीली हेतु एवं भविष्य में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा इस संबंध में दिये गये निर्देशों को प्रसारित करने बावत्।

पुलिस अधीक्षक
पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा